जरूरतमंदों को महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया राशन वितरण, वार्ड 52 एवं 55 में बनेगा डोम शेड एवं शौचालय

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 55 सेक्टर 6 में आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने जरूरतमंदों को राशन पैकेट वितरण किए तथा डोम शेड एवं शौचालय निर्माण कार्य की शुरुआत की! महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकांत सिन्हा ने अपने पार्षद निधि से सुखा राशन की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए की है! आज महापौर श्री यादव ने वार्ड क्रमांक 55 सेक्टर 6 में पहुंचकर 28.50 लाख की लागत से निर्माण होने वाले डोम शेड एवं शौचालय के निर्माण कार्य की शुरुआत भूमि पूजन कार्य करते हुए की , साथ ही वार्ड क्रमांक 55 जामा मस्जिद के सामने दोनों तरफ विधायक निधि के 8.16 लाख की लागत से लगने वाले पेवर ब्लॉक के कार्य की शुरुआत भी इसी के साथ किया गया! सेक्टर 4 के वार्ड क्रमांक 52 में अधोसंरचना मद की राशि 28.50 लाख से डोम शेड एवं शौचालय का निर्माण भी किया जाएगा! डोम शेड के निर्माण होने से विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के लिए ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा साथ ही शौचालय की व्यवस्था होने से दैनिक क्रिया के परेशानियों से निजात मिलेगा! 50 पैकेट राशन जरूरतमंदों को किया गया वितरण महापौर श्री यादव एवं पार्षद सूर्यकांत सिन्हा के द्वारा वार्ड 55 के जरूरतमंदों को 50 पैकेट राशन का वितरण किया गया! एक राशन पैकेट में 5 किलो चावल, 3 किलो आटा, 1 लीटर तेल, 1 किलो दाल, एक पैकेट नमक, धनिया, हल्दी, एवं मिर्च पाउडर डाला गया है! विकास कार्य के शुरुआत के दौरान सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए बहुत कम लोग मौजूद रहे , मोहल्ले के पुष्पेंद्र सिंह, महेश देसाई, मकसूद खान, पी जोगेश्वरी एवं राधा भट्ट उपस्थित थे! जोन क्रमांक 5 के प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन , सहायक अभियंता हिमांशु देशमुख एवं उप अभियंता श्वेता महेश्वर उपस्थित रहे!